हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 हर बच्चे को स्कूल तक लेकर आने का प्रयास कर...



12 पूर्व सीएम ने जाना विधायक की पत्नी का हालचाल



## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में खिलाफ कार्रवाई करते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने के मामले में संलिप्त अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हरभजन सिंह वासी गांव पंजोखरा व एक महिला के रूप में हुई है। समलेहड़ी गांव के रहने वाले लखमीर सिंह ने 14 अक्तूबर 2025 को विदेश भेजने की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। मामले में संलिप्त दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पहले भी पंचकूला, सेक्टर-9 अंबाला शहर में धोखाधड़ी से 8 मामले दर्ज हैं।

### 20 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-2 की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक नशा तस्कर को 20 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान आरोपी अमित कुमार वासी कंच घर, अंबाला शहर के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि आरोपी अंबाला बस स्टैंड पर कपड़ों की रेहड़ी लगाने का काम करता था। इसकी आड़ में वह काफी समय से नशे की तस्करी में संलिप्त था।पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी एलआईसी बिल्डिंग के पास नशीले पदार्थ की सप्लाई करने वाला है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और आरोपी को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### 8.89 ग्राम हेरोइन के केस में संलिप्त आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना साहा की पुलिस टीम ने 8.89 ग्राम हेरोइन मामले में संलिप्त दूसरे आरोपी 'पारस' को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गौरतलब है कि 7 अप्रैल 2025 को पुलिस ने इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2 साहा से आरोपी मनीष कुमार उर्फ मच्छर को 8.89 ग्राम हेरोइन के साथ रंगे हाथों काबू किया था। आरोपी के खिलाफ थाना साहा में मामला दर्ज कर उसे पुलिस रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी मनीष कुमार ने स्वीकार किया कि इस नशीले पदार्थ की तस्करी के खेल में गांव साहा का रहने वाला 'पारस' भी उसके साथ संलिप्त है। पुख्ता सबूतों के आधार पर अब पुलिस ने आरोपी पारस को भी मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

## धोखाधड़ी के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

# कंपनी में ट्रेडिंग के नाम पर दो लोगों से पौने तीन करोड़ हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर में फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने तिलक नगर निवासी अजय शर्मा और जितेंद्र प्राशर को फर्जी कंपनी और नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए अधिक मुनाफे का लालच देकर अपने जाल में फंसाया और उनसे करीब पौने तीन करोड़ रुपये हड़प लिए। पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार अजय शर्मा और जितेन्द्र प्राशर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2023 में उनकी मुलाकात आरोपी अमित खेड़ा से यमुनानगर में आरोपी रमेश दत्ता के कार्यालय में हुई। जहां अमित खेड़ा ने खुद को फॉरेक्स ट्रेडिंग का विशेषज्ञ बताते हुए अपनी कंपनी में निवेश कर भारी मुनाफे का लालच दिया। आरोपियों ने उसे बताया कि समदर्श खेड़ा और अन्य साथी भी इस काम में साझेदार हैं। कई लोग पहले से ही उनकी कंपनी में निवेश कर अच्छा लाभ कमा रहे हैं। आरोपियों ने उन्हें भरोसे में लेकर छह फरवरी 2023 को उनकी सोनी इसरानी, रमेश दत्ता और हरनेक सिंह से मुलाकात करवाई। आरोपियों ने उन्हें कंपनी में निवेश करने के लिए उकसाया।




आरोपियों की बातों में आकर उन्होंने आरोपियों के अकाउंट में अलग-अलग दिन करीब पौने तीन करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें बताया कि उन्होंने अपनी कंपनी का नाम बदलकर बीएफएफएस प्रो कर दिया है। आरोपियों ने विश्वास जीतने के लिए कुछ निवेशकों को थोड़ा बहुत पैसा वापस भी किया। इसके बाद आरोपियों ने उनका भुगतान बंद कर दिया। जब उन्होंने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों अमित खेड़ा, समदर्श खेडा, सोनी इसरानी, रमेश दत्ता और हरनेक सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सस्ती फॉर्च्यूनर दिलाने के नाम पर टीचर से 31 लाख रुपये की ठगी, चेक भी बाउंस

**कुरुक्षेत्र।** सस्ती फॉर्च्यूनर दिलाने के बहाने एक टीचर से 31 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने पहले कम कीमत में गाड़ी दिलाने का झांसा दिया, फिर पैसे लेकर न तो गाड़ी दी और न ही रकम लौटाई।पीड़ित दिलबाग सिंह निवासी डेरा संत सिंह ने बताया कि उसकी जान-पहचान कुलदीप सिंह के जरिए आरोपी रूपांकन शर्मा से हुई थी। आरोपी ने फॉर्च्यूनर गाड़ी, जिसकी कीमत करीब 44-45 लाख बताई गई, उसे 30-31 लाख में दिलाने का दावा किया। भरोसा करके दिलबाग सिंह ने अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच अलग-अलग किस्तों में करीब 31 लाख रुपए आरोपी को दे दिए। आरोपी लगातार गाड़ी देने के नाम पर टालमटोल करता रहा। यहां तक कि जनवरी 2025 में भी उसने एक लाख रुपए और ले लिए। 6 जून 2025 को जब पीड़ित अपने दोस्त के साथ पैसे मांगने गया तो आरोपी ने धमकियां दीं। बाद में आरोपी ने 31 लाख रुपए लौटाने के लिए तीन चेक दिए, लेकिन सभी चेक बाउंस हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला के साथ दो लाख की धोखाधड़ी

**पानीपत।** पानीपत की न्यू हाम कॉलोनी निवासी कोमल पत्नी मानव के एक निजी बैंक के क्रेडिट कार्ड से करीब 1.99 लाख रुपये निकाल लिए। वहीं, पीड़ित की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है। इधर, कोमल के साथ हुई धोखाधडी के मामले की साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिलहाल साइबर विशेषज्ञों की टीम ट्रांजेक्शन ट्रेल को ट्रैक कर रही है, ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके और पीड़ित की राशि को वापस कराया जा सके।



करनाल। अवैध निर्माण गिराती जिला योजनाकार विभाग की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

# करनाल में चार अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर, एक निर्माण भी ध्वस्त

- जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई, लोगों को वैध प्लॉट खरीदने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला योजनाकार की अगुवाई में विभागीय टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल के साथ मिलकर चार अवैध कॉलोनियों और एक अवैध निर्माण के खिलाफ तोड़फोड़ अभियान चलाया। पहली कार्रवाई गांव झंझाड़ी में सीएचडी सिटी के पास करीब 1.2 एकड़ में विकसित कॉलोनी पर की गई, जहां डीपीसी, शेड और सड़कों को ध्वस्त किया गया। दूसरी कॉलोनी गांव पुण्डरक में लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैली थी, जहां दो डीपीसी और सड़कों को तोड़ा गया।

तीसरी कॉलोनी गुरुनानक द्वार रोड पर जिला कारागार के सामने करीब 2.5 एकड़ में बनी हुई थी, जिसमें कच्ची सड़कों को हटाया गया। चौथी कॉलोनी केन्द्रीय विद्यालय के सामने लगभग 17 एकड़ में विकसित की जा रही थी, जहां सीवरेज नेटवर्क और कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। इसके अतिरिक्त गांव शाहपुर स्थित दून इंटरनेशनल स्कूल के पास एक अवैध निर्माण को भी गिराया गया।

जिला योजनाकार ने स्पष्ट किया कि अवैध कॉलोनियां काटने और निर्माण करने वालों के खिलाफ लगातार एफआईआर दर्ज की जा रही हैं और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे किसी भी प्रॉपर्टी डीलर के झांसे में न आएं और केवल वैध कॉलोनियों में ही प्लॉट खरीदें।

# जानलेवा हमले के दोषी को 7 साल कैद व 10 हजार जुर्माना

- जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर के प्यारा चौक पर हुई सड़क दुर्घटना के बाद हुए झगड़े में एक युवक पर ईंट से जानलेवा हमला करने के मामले में अदालत ने आरोपी अभिषेक सांगवान उर्फ अवि को सात वर्ष कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न भरने पर छह माह अतिरिक्त जेल की सजा भी होगी। धमकी देने के अपराध में आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी दिया गया।

घटना 10 फरवरी 2021 की रात हुई थी। शिकायतकर्ता कपिल पुत्र इंद्र पाल, निवासी ईस्ट भाटिया नगर अपने दोस्तों सोनू उर्फ बीर सिंह और राजू के साथ प्यारा चौक पर खड़ा था। तेज रफ्तार सफारी गाड़ी ने उनके एक्टिवा को टक्कर मारी, इसके बाद गाड़ी से उतरे अभिषेक और उसका साथी शिवम खुराना गाली-गलौज करते हुए हाथापाई करने लगे। अभिषेक ने सड़क से ईंट उठाकर सोनू के सिर पर कई बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिकल रिपोर्ट में सिर में फ्रैक्चर और जानलेवा चोटें पाई गईं।

उप न्यायवादी अंकुश मित्तल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को पंचकूला से गिरफ्तार किया और घटना में प्रयुक्त ईंट भी बरामद की। अदालत ने सबूत और गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए सात साल कैद व 10 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुना दी है। ट्रायल के दौरान जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

## अमीन में युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**कुरुक्षेत्र।** अमीन गांव में एक 18 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। युवक का शव पशुओं के बाड़े में लोहे के गाडर से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान अरुण के रूप में हुई है, जो मूल रूप से करनाल जिले के नलीपार गांव का निवासी था और पिछले कुछ वर्षों से अमीन गांव में रहकर काम कर रहा था। जानकारी के अनुसार, अरुण सुबह करीब साढ़े 5 बजे भैंसों का दूध निकालने के लिए बाड़े में गया था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। इस पर बाड़े के मालिक ने मौके पर पहुंचकर देखा तो अरुण फंदे पर लटका हुआ मिला।घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दी गई। पिता गज्जन सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों के बयान के आधार पर थाना केयूके पुलिस ने इत्तफाकिया रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या की गुत्थी सुलझी, दो भाई गिरफ्तार

- 20 मार्च को नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा मे मिला था व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा में मिले शव के हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कुरुक्षेत्र पुलिस ने डल्ला माजरा नहर में मिली लाश के हत्या मामले को सुलझाते हुए हत्या करने के आरोपी राजेन्द्र कुमार व राकेश कुमार वासीयान गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी निरीक्षक मोहन लाल ने बताया कि 20 मार्च 26 को पुलिस को सूचना मिली थी कि नरवाना ब्रांच नहर डल्ला माजरा मे एक व्यक्ति की लाश तैर रही है जिसके हाथ-पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची। गोताखोर प्रगट सिहं की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। पुलिस की सीन आफ क्राईम टीम व एफएसएल के द्वारा जांच की गई। गोताखोर प्रगट सिहं वासी दबखेड़ी की शिकायत पर थाना इस्माईलाबाद में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। लाश का पोस्ट मार्टम करवाया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जांच के लिए अपराध अन्वेषण शाखा-2 व थाना इस्माईलाबाद की टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने अलग अलग एंगल से मामले की जांच की। जांच के दौरान लगातार तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचनाओं के आधार पर सुराग जुटाए गए जिससे जांच को निर्णायक दिशा मिली।

मृतक की पहचान गुरमुख सिंह वासी गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब के रूप में हुई थी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आरोपी राजेन्द्र कुमार व राकेश कुमार वासीयान गोलू माजरा थाना लालडू जिला मोहाली पंजाब को गिरफ्तार किया गया।

### मृतक की दिमागी हालत ठीक न होने के कारण परिवार था परेशान

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गुरमुख सिंह पढाई करते समय 7वीं कक्षा में फैल हो गया था। जिस कारण वह दिमागी तौर पर पागल हो गया था। करीब 17/18 साल से गुरमुख सिंह का कई हस्पतालो में व कई अन्य जगहो पर काफी ईलाज करवाया गया परन्तु ठीक नहीं हुआ। पागल होने के कारण गुरमुख सिंह परिवार के सभी सदस्यों व बच्चों को मारने पीटने लग गया था और यह डर था की गुरमुख सिंह दिमांगी तौर से पागल होने के कारण किसी घटना को अन्जाम न दे दे। जिस कारण परिवार के सभी सदस्य गुरमुख सिंह से बहुत तंग व परेशान थे।

### आरोपी भाइयों ने रस्सी से हाथ-पैर बांधकर जिन्दा फेंक दिया था नहर में

आरोपियों ने बताया कि 12 मार्च 2026 को दोनो भाईयो ने मिलकर अपने भाई गुरमुख सिंह की हत्या करने के लिये सलाह बना ली। दोनो भाई गुरमुख सिंह को अपनी मोटरसाईकिल पर बीच में बैठाकर दवाई दिलवाने के बहाने अपने गांव से लेकर आ गए थे। रास्ते में आते समय एक दुकान से प्लास्टिक की रस्सी खरीद ली थी और उसके बाद इस्माईलाबाद जिला कुरुक्षेत्र के एरिया में जा रही दो नहरों में से एक नहर के अन्दर अपने भाई गुरमुख सिंह के दोनों हाथ व पैर रस्सी से बांधकर उसको जीवित अवस्था में नहर के पानी में मरने के लिये फैंक दिया था।

## वाघा बॉर्डर से आज पाकिस्तान में दाखिल होगा हरियाणा का जत्था

**कुरुक्षेत्र।** खालसा साजना दिवस के अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा रवाना किया गया श्रद्धालुओं का जत्था आज 10 अप्रैल को वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। धार्मिक आस्था से जुड़े इस विशेष जत्थे में शामिल श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित पवित्र गुरुद्वारा साहिबानों के दर्शन करेंगे। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी, कुरुक्षेत्र से अरदास के बाद रवाना हुए इस जत्थे को कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा सहित कई गणमान्य लोगों ने विदा किया था। जत्थे की अगुवाई बहादुर सिंह कर रहे हैं, जबकि कमेटी के चार कर्मचारी भी श्रद्धालुओं के साथ यात्रा पर गए हैं। जानकारी के अनुसार, जत्था अपने प्रवास के दौरान ननकाना साहिब, पंजा साहिब, रोड़ी साहिब और करतारपुर साहिब जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेगा। यह यात्रा सिख श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखती है, क्योंकि ये स्थल सिख इतिहास और आस्था के केंद्र माने जाते हैं।




कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के लिए कुल 275 पासपोर्ट भेजे गए थे, जिनमें से 255 श्रद्धालुओं को वीजा प्राप्त हुआ है। जत्थे के सदस्यों को यात्रा के दौरान सभी सरकारी नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी गई है, ताकि यात्रा सुचारु और सुरक्षित रूप से संपन्न हो सके। प्रधान जगदीश सिंह झीडा ने जत्थे को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक अनुभव का अवसर है। उन्होंने हरियाणा और केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने इस यात्रा की अनुमति देकर सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया है। जत्था 19 अप्रैल को भारत वापस लौटेगा।

# मुख्यमंत्री डमी; कोई सिग्नेचर पॉवर नहीं, बात सुनकर टालने के लिए कुर्सी पर बिठाया: टिकैत

**शहजादपुर/नारायणगढ़।** सब्जी मंडी में गुरुवार को हुई किसान महापंचायत में राकेश टिकैत ने



सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लागू पोर्टल सिस्टम ने किसानों की हालत खराब कर दी है। किसान अपनी ही फसल बेचने के लिए परेशान है और मंडियों में धक्के खा रहा है। टिकैत ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास कोई सिग्नेचर पावर नहीं है। उन्हें केवल लोगों की बातें सुनकर टालने के लिए कुर्सी पर बैठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां बड़े व्यापारियों और उद्योगपतियों के पक्ष में हैं, जबकि किसान लगातार नुकसान झेल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले किसान आसानी से अपनी फसल बेच देता था और भुगतान भी समय पर मिल जाता था, लेकिन अब पोर्टल और नियमों की वजह से प्रक्रिया जटिल हो गई है। जिन किसानों की जमीन किसी अन्य के नाम है या पारिवारिक कारणों से वे खुद नहीं पहुंच पाते, उनके लिए यह व्यवस्था और भी परेशानी खड़ी कर रही है। टिकैत ने 11 अप्रैल को जिला स्तर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक सड़क जाम करने का ऐलान किया। उन्होंने किसानों से आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि जब तक सरकार पोर्टल सिस्टम बंद नहीं करती और एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों का भी जिक्र किया और कहा कि सरसों, गेहूं और आलू की फसल को भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद सरकार राहत देने के बजाय नियमों के नाम पर किसानों को परेशान कर रही है। महापंचायत में चमन गुज्जर को भाकियू का युवा प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया और कई युवाओं को सम्मानित भी किया गया।

**कार्यक्रम** एसडी कॉलेज में दादा लखमीचंद ट्रस्ट व कला परिषद के तत्वावधान में सांग महोत्सव

# हरियाणवीं संस्कृति की धरोहर है सांग: मोहन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट पानीपत तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एसडी कॉलेज में 9 से 12 अप्रैल तक चलने वाले चार दिवसीय सांग महोत्सव के शुभारंभ पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे।

वहीं, बडौली ने कहा कि हरियाणवीं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को संस्कृति से जोडऩे के लिए हमारी लोकनाट्य सांग परंपरा एक मिल का पथर साबित होगी। इससे हरियाणवीं संस्कृति को एक नई दिशा मिलेगी। दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा करवाए जा रहे ऐसे आयोजन हरियाणवीं संस्कृति को विश्व स्तर पर एक




पानीपत। एसडी कालेज में सांग की प्रस्तुति देते कलाकार।

विशेष पहचान दिलाने का काम करेंगे। संस्था के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि आज सोनू भगाना एंड पार्टी ने हीर रांझा सांग का मंचन किया। संस्था की महिला संयोजिका सीमा हरियाणवीं ने बताया कि हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक गजेंद्र फोगाट के मार्गदर्शन में कार्यक्रम 12 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें 10 अप्रैल को लड़कियों द्वारा सांग का मंचन किया जाएगा। 11 व 12 अप्रैल को सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद के पुत्र विष्णु दत्त सांग का मंचन करेंगे।

वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा महिला जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, एसडी कॉलेज के प्रधान दिनेश मित्तल व प्राचार्य डॉ अनुपम अरोडा, सुनील शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान राजेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। पीसीसी अकेडमी निदेशक राजीव परुथी विशिष्ट अतिथि रहे। स्वागत कमेटी अध्यक्ष मोना शर्मा ने सभी का स्वागत किया। मंच संचालन गिरीश मानव ने किया। इस अवसर पर पवन धीमान, दिनेश जून, नरेंद्र गर्ग, मोहित शर्मा, सुरेश शर्मा, रामलाल भाटिया, उमेद पांचाल, कंवरभान व धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

# इसराना में सरसों के तोल में मिला अंतर

- डीसी ने एसपी के साथ मंडी में सरसो व गेहूं की खरीद जांची
- खरीद केवल कंप्यूटराइज्ड मीटर के माध्यम से ही करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत जिला में गेहूं और सरसों की फसल की आवक लगातार मंडियों में बढ़ रही है। किसान अपनी उपज के सुचारु विक्रय को लेकर रोजाना मंडियों का रुख कर रहे हैं। सरकार भी किसानों के हितों को लेकर सतर्क है और प्रशासन लगातार व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए है। गुरुवार को उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने इसराना की नई आधुनिक अनाज मंडी का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आढ़तियों को कड़ी



पानीपत। इसराना मंडी में सरसों में नमी की जांच करते डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया।

फटकार लगाई और फसल की खरीद कंप्यूटराइज्ड मीटर से करने के निर्देश दिए और कहा कि पुराने मीटरों को तत्काल हटवाया जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अपने सामने गेहूं और सरसों की फसल की जांच कराई। पुराने कांटों से तोली गई फसल और नए मीटर के बीच अंतर पाए जाने पर उन्होंने तुरंत सुधार के आदेश दिए और आढ़ती को निर्देशित किया कि किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाए।

## खबर संक्षेप



### खंडहर बना भवन, आने जाने में लगता है डर

**रादौर।** रादौर के कमेटी चौक के नजदीक सैंकडो वर्ष पहले बनाया गया भवन खंडर होने से क्षेत्र के लोगों को उसके कभी भी ढह जाने की चिंता सताने लगी है। लोगों ने प्रशासन से खंडहर हो चुके भवन को हटवाए जाने की मांग की है। रादौर के कमेटी चौक के नजदीक सैंकड़ों वर्ष पहले बना एक खंडहर भवन खड़ा है। इसे हटावाने के लिए लोगों की मांग पर नगर पालिका रादौर द्वारा भवन के मालिक को दो बार नोटिस देकर उसे हटाए जाने के निर्देश दिए हैं। मगर अभी तक खंडहर भवन हटाया नहीं गया है।

### आज होगा रोजगार मेले का आयोजन

**रादौर।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 10 अप्रैल को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई नाचरौन में एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा ने कहा कि मेले में 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमा, आईटीआई पास प्रतिभागी भाग लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए बड़ी बड़ी कंपनियां शिरकत करेंगी। जिन युवाओं का रोजगार कार्यालय में नाम पंजीकृत नहीं है। उनका नाम मौके पर ही रोजगार कार्यालय में पंजीकृत किया जायेगा।

### गेहूं की फसल को रौंद कर किया बर्बाद

**यमुनानगर।** यमुनानगर थाना क्षेत्र के गांव मंडी में आधा दर्जन लोगों ने खेत में गेहूं की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्शन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मंडी निवासी याकूब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके गांव में ही खेत है। जिसमें उसने गेहूं की फसल उगाई हुई है। गांव कंसापुर निवासी आरिफ व जुनैद, गांव मंडी निवासी अदरिश, नाजिम व तुजमल तथा पौंटी निवासी रूसतम ने उसकी फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जब उसे इस बात का पता चला तो वह मौके पर पहुंचा और आरोपियों का विरोध किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### विद्यालय के स्थापना दिवस पर हवन, यज्ञ

**रादौर ।** लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में वीरवार को विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही शैक्षिणक सत्र का शुभारंभ भी हवन यज्ञ के साथ किया गया। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं हवन में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने विद्यार्थियों को अनुशासनए परिश्रम एवं लगन के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है।

### स्कूल के नजदीक पशु बांधने से बच्चे परेशान

**रादौर।** रादौर की शिव कालोनी में राज राजेश्वरी सीनियर सैकेंडर स्कूल के नजदीक गली में कुछ लोगों द्वारा पशु बांधने के कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल के प्रबंधक अशोक चौहान ने नगर पालिका रादौर प्रशासन को शिकायत देकर गली से पशु हटवाने की मांग की है। चौहान ने बताया कि शिव कालोनी में उनके राज राजेश्वरी स्कूल के नजदीक हर समय गली में पशु बंधे रहते हैं। जिससे स्कूल में आने जाने वाले बच्चों व लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं, पशुओं द्वारा स्कूल के नजदीक गली में गोबर व मूत्र करने से वातावरण दूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत कर चुके हैं पर समाधान नहीं हुआ।

---

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के तहत दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

# केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का सभी को मिल रहा लाभ : कंवरपाल

- जनसंपर्क के दौरान लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं का हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने उक्त शब्द भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत जगाधरी क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में जनसंपर्क करते हुए कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि गांव चलो बस्ती चलो अभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में समन्वय बढ़ेगा। वहीं, लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई किसान सम्मान निधि,बुढ़ापा पेंशन,जन धन योजना, उज्जवला गैस योजना,द्रोण दीदी आदि योजनाओं से हर जाति व हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। आज लोग मोदी सरकार व नायब सरकार से पूरी तरह खुश हैं। भाजपा कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार की असली ताकत हैं।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि नायब सरकार में गरीब परिवारों को सपनों का घर मिल रहा है। भाजपा राष्ट्रीय सोच सर्वोपरि मानती हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि गांव चलो बस्ती चलो अभियान से भाजपा कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय बढ़ेगा। इससे पार्टी को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचार दर्शन आज भी भारतीय राजनीति और समाज जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मौके पर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निशचल चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, मंडल महामंत्री जगदीश धीमान, मंडल महामंत्री संदीप सिंह, सुशील मान, श्याम लाल, भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग, सर्बजीत सिंह, राजकुमार तुगलपुर, शिवकुमार शर्मा, संजीव शर्मा,राजकुमार शर्मा, सोनू सिंह, अजैब सिंह व सुलेख चंद कशयप आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर के जगाधरी क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

---

### चोरी की बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

मुनानगर। जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने दादूपुर पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर जांच शुरू कर दी। टीम के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी एक युवक चोरी की बाइक को लेकर दादूपुर पुल से होता हुआ जाएगा। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल, जितेंद्र, संदीप, योगेश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को एक युवक बाइक पर आता दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर जांच की तो उनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी ने यह बाइक 30 मार्च को छछरौली क्षेत्र से चोरी की थी। आरोपी की पहचान गांव इब्राहिमपुर निवासी मतलुब के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

---

## समाधान शिविर में कोताही पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई : उपायुक्त

- वीडियो कांफ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी उपायुक्त व अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्त व उच्च अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने को निर्देश दिए कि जिले में हर शुक्रवार को समाधान समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाए। कहा कि मौके पर सभी विभागों के अधिकारी समस्याओं का शीघ्र निपटान करें।

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर को गंभीरता से ले। उपायुक्त ने बताया कि यदि किसी अधिकारी ने कार्रवाई में कोताही बरती तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास रहे। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को आयोजित किए जा रहे हैं।



**यमुनानगर।** वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपायुक्त व उच्च अधिकारियों की बैठक लेते सीएम। *फोटो : हरिभूमि*

---

## जन कल्याण से बड़ा कोई पुण्य कर्म नहीं : महाराज

### श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

- कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने कथा के समापन पर परमशक्ति के धरा पर अवतार लेने का बताया उदेश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा जगाधरी में चल रही श्रीराम कथा का वीरवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने श्रद्धालुओं को परमशक्ति के धरा पर अवतार लेने के उदेश्य के बारे में बताया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया।

कथाव्यास स्वामी कुमेर महाराज ने फरमाया कि त्रेता युग में जब राक्षसों का अत्याचार बढ़ गया तो प्रभु श्रीराम ने राजा दशरथ के यहां पुत्र के रुप में जन्म लेकर अधर्म का नाश किया। उन्होंने जनकल्याण के लिए चौदह वर्ष तक वनवास जैसी पीड़ा झेलकर राक्षसों का वध किया।

उन्होंने फरमाया कि प्रभु श्रीराम के चरित्र से हमें जहां मर्यादा में रहने की सीख मिलती है, वहीं, इस कलियुग में जनकल्याण के लिए प्रेरणा मिलती है। जनकल्याण के लिए कार्य करके जहां आत्मा को शांति मिलती है, वहीं, दूसरों का भला होता है।

इसलिए कहा गया है कि जनकल्याण से बढ़कर कोई दूसरा पूण्य नहीं है। जो सबके कल्याण के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। वह सुख और दुख नही देखता है। वह देखता है तो केवल मानव के भीतर मानवता की खोई हुई गरिमा। महाराज ने कहा कि जब भी धरा पर अधर्म बढ़ता है तो परमशक्ति अवतार लेकर धर्म की रक्षा करती है। इसके लिए चाहे त्रेता हो या द्वापर या कलयुग।

हर समय धरा पर वो शक्ति आकर अपना कार्य करती है। लेकिन हम उस शक्ति को जान नहीं पाते हैं। मगर जब व शक्ति धरा को छोड़कर चली जाती है तो हम उसे अपना पंथ बना कर पूजने लगते हैं। हमें अपने अहंकार को त्याग कर प्रभु श्रीराम जैसी परमशक्ति द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को साकार करना चाहिए। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु श्रीराम और श्रीहनुमान की महिमा का गुणगान किया गया। कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



**यमुनानगर।** जगाधरी में चल रही श्रीराम कथा के समापन पर आयोजित भंडारे प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

---

## भाजपा किसानों को बेमतलब शर्तें थोप कर रही है परेशान : जाहिद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- इनैलो ने खोले मंडियों में किसान कष्ट निवारण केन्द्र

इंडियन नेशनल लोकदल के कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष जाहिद ख़ान मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि किसानों पर बायोमेट्रिक सत्यापन शर्त बेमतलबी लगाई गईं। इसके वे विरोध करते हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने

भाजपा द्वारा किसानों पर थोपी गई ये शर्तें अब किसानों के लिए जी का जंजाल बन गई हैं। पहले तो भाजपा सरकार ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्टर करने के लिए किसानों से अनेक प्रकार के कागज लिए। फिर गेट पास के लिए ट्रैक्टर.ट्रॉली पर नंबर व बायोमेट्रिक सत्यापन की शर्त लगाई। खान ने बताया कि किसानों की फसल बेचने में मदद करने के लिए इनेलो की तरफ से सभी मंडियों में किसान कष्ट निवारण केंद्र खोले जा चुके हैं और किसानों को इससे बहुत लाभ मिल रहा है।

सरकार अब तक इनेलो द्वारा की गई मांगोंए जैसे 24 घंटे मंडियों को खोलनेए ट्रैक्टर, ट्रॉली पर नंबर प्लेट हटाना, फसाल खरीद केंद्र के लिए लाइसेंस रिन्यू करने, मेरी फसल मेरा ब्योरा के पोर्टल को खोलने की चार मांगों को मान चुकी है। जिसका श्रेय चौधरी अभय सिंह चौटाला को जाता है।

किसान अपनी फसल को सुचारू रूप से मंडियों में बेच सके उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण मांग है कि बायोमेट्रिक सत्यापन की शर्त को तुरंत हटाए सरकार। इस अवसर पर प्रदेश करियाकरणी सदस्य प्रवीन कैल ने कहा कि यदि घोटाले रोकने हैं तो अधिकारियों और व्यापारियों की मिलीभगत रोकें।

---

## स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें नागरिक : शर्मा

- नगर निगम की टीम ने आरआरआर अभियान के तहत चलाया कलेक्शन अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर स्वच्छ भारत मिशन शहरी की टीम द्वारा शहर की अशोक विहार कॉलोनी में रिड्यूस, रीयूज एंड रीसायकल (आरआरआर) अभियान के अंतर्गत विशेष कलेक्शन ड्राइव का आयोजन किया गया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर चलाए गए इस अभियान के दौरान लोगों ने घरों में अनुपयोगी पड़े सामान को आरआर वाहन को देकर स्वच्छता के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

कलेक्शन ड्राइव के दौरान सफाई निरीक्षक गोविंद शर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन व मीनू चसवाल ने आरआरआर वाहन के माध्यम से घर घर जाकर पुराने और उपयोगी सामान का संग्रहण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया। साथ ही लोगों से अपील की गई कि वे नियमित रूप से ऐसे अभियानों में भाग लें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग दें। लोगों ने स्वेच्छा से पुराने कपड़े, किताबें, खिलौने, जूते चप्पल और अन्य उपयोगी सामग्री निगम टीम को सौंपी। एकत्रित की गई सामग्री को आरआरआर सेंटर भेजा गया। जहां इन वस्तुओं की छंटाई कर उन्हें जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जाएगा तथा पुनः उपयोग के लिए तैयार किया जाएगा।




**यमुनानगर।** आरआरआर वाहन के माध्यम से उपयोगी सामान का संग्रहण करती निगम की टीम। *फोटो : हरिभूमि*

---

## यमुनानगर के कृष्णा एनडीए में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एनडीए टू 2025 का रिजल्ट देर रात घोषित हुआ। जिसमें कमला नगर छोटी लाइन के कृष्ण चुन्नी ने ऑल इंडिया में 263 वां रैंक हासिल किया है। यह उपलब्धि जिले के लिए गौरव है।

कृष्णा अब खड़गवास पुने में तीन साल की डिग्री ग्रहण करेगा। इसके बाद इंडियन मिल्ट्री अकेडमी देहरादून में एक साल की ट्रेनिंग करेगा। जिसके बाद वह सीधे लेफ्टिनेंट का पद ज्वाइंन करेगा। कृष्णा ने बताया कि उसके पास एयरफोर्स, नेवी व इंडियन आर्मी में सेवा करने का विकल्प खुला है। लेकिन वह इंडियन आर्मी ज्वाइन करेगा। कृष्णा समाज सेवी शिव चुन्नी का बेटा है। यह परिवार शुरू से ही पर्यावरण के लिए काम करता है। शिव चुन्नी ने बताया कि कृष्णा शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है। इन दिनों उसने कानवेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल जगाधरी से नॉन मेडिकल में 12वीं की परीक्षा दे रखी है। अगले महीने उसका रिजल्ट आ सकता है। उधर, शहर की हर संस्था ने चुन्नी परिवार को बधाई दी और कृष्णा के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रिंसिपल सिस्टर जेसिना व काउंसलर संजय कुठियाला ने कहा कि कृष्णा पढ़ाई में अव्वल रहा है।



यमुनानगर निवासी कृष्णा चुन्नी का एनडीए में चयन होने पर उनका मुंह मीठा करवाते पिता शिव चुन्नी।

---

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट नाचरौन(रादौर) में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस

# शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए विद्यार्थियों का खेलों में भाग लेना जरूरी : डॉ. कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन(रादौर) में अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने रिबन काटकर किया। जबकि संचालन जसविंद्र सैनी ने किया।

मौके पर संस्थान के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिवस पूरे विश्व में शारीरिक फिटनेस, खेल भावना, शांति और विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में खेलों को शामिल करना चाहिए। ताकि वह शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रह सकें। क्योंकि शारीरिक और मानसिक रुप से स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भाग लेने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर वॉलीबॉल, क्रिकेट, दौड़, शाटपुट, डिस्कस थ्रो व रस्साकशी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिनमें विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि प्रतियोगिताओं के दौरान टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर जसविंद्र सैनी ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं। बल्कि यह व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



**यमुनानगर।** ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

---

### बाड़े के गेट का ताला तोड़कर आठ भेड़े चोरी

**यमुनानगर।** गांव कांजनू में चोरों ने बाड़े के गेट का ताला तोड़कर आठ भेड़े चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कांजनू निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसने भेड़े पाली हुई है। 25 मार्च के रात को वह अपनी भेड़े बाड़े में बंद कर गेट का ताला लगाकर अपने घर चला गया था। सुबह जब वह बाड़े में आया तो गेट का लगा ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर अंदर से आठ भेड़ें गायब मिलीं।

**सूचना**

हम, जीत नाथ सिंह पुत्र श्री शम्भू नाथ सिंह वा मेरी धर्मपत्नी संजीरा देवी निवासी मकान नंबर 1493 वार्ड नंबर 6, मुखर्जी पार्क जगाधरी, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर बयान करते हैं कि हमारा लड़का अमित कुमार वा उसकी पत्नी अनिता और मेरा दूसरा लड़का प्रदीप सिंह हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। हम अपने लड़के अमित कुमार वा उसकी पत्नी अनिता और दूसरे लड़के प्रदीप सिंह को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद इन तीनों से कोई भी किसी प्रकार का लेनदेन करने वाला अथवा व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी और हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### 6 से अधिक गांवों में विकाय कार्यों की सौगात

**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई दिशा देते हुए एक ही दिन में 6 से अधिक गांवों में विकास कार्यों का शुभारंभ कर जनता को बड़ी सौगात दी। इस दौरान उन्होंने कुल 10 से ज्यादा विकास कार्यों का उद्घाटन किया, जिनमें गलियां, सीवरेज और बस स्टॉप जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। गांव लोटनी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डीडी शर्मा ने तीन नई गलियों का लोकार्पण कर ग्रामीणों को बेहतर आधारभूत सुविधाओं का तोहफा दिया।

### पैरा राइफल शूटर रीना की उपलब्धियों को सराहा

**कुरुक्षेत्र।** पैरा राइफल शूटर रीना रानी अपने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जीते हुए स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक लेकर सांसद नवीन जिन्दल से मिली। रीना रानी ने सांसद नवीन जिन्दल को अपनी उपलब्धियों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राइफल शूटिंग में देश का नाम ऊंचा करने के लक्ष्य से भी अवगत कराया। रीना ने सांसद नवीन जिन्दल को, अपना खेल जारी रखने और अच्छे परिणाम लाने के लिए आर्थिक सहायता का भी मांगपत्र सौंपा।

## कुवि में 'कुरुक्षेत्र: थ्रू द एजेस' सम्मेलन के अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित

# कुरुक्षेत्र भारतीय इतिहास व संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अध्याय: वीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, श्रीमद्भगवद्गीता अध्ययन केंद्र तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (आईसीएचआर), नई दिल्ली और विजन कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी कुरुक्षेत्रः थ्रू द एजेस के अंतर्गत गुरुवार को मध्यकालीन व आधुनिक इतिहास विषय पर विशेष सत्र का आयोजन विश्वविद्यालय के फैकल्टी लाउंज में किया गया। वंदे मातरम और दीप प्रज्ज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटन सत्र से हुआ, जिसमें इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर ने सभी अतिथियों, विद्वानों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. एस.के. चहल ने कार्यक्रम के उद्देश्य और विषय-वस्तु पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्रः थ्रू द एजेस विषय के अंतर्गत इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व के विभिन्न आयामों पर देश-विदेश के विद्वान अपने शोध प्रस्तुत कर रहे हैं, जिससे इतिहास के अध्ययन को नई दिशा और दृष्टि प्राप्त होगी। डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि इतिहास समाज की स्मृति है और इसके माध्यम से हम अपने अतीत से सीख लेकर वर्तमान और भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। संगोष्ठी को राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, अहरवाला बिलासपुर के डॉ. रमेश धारीवाल, डॉ. राजेश श्योराण, निदेशक (पत्रिका, प्रकाशन एवं पुस्तकालय) भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने भी संबोधित किया।



**कुरुक्षेत्र।** अतिथियों का स्वागत करते डॉ. बी.आर. आंबेडकर अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह।

### इतिहास परंपराओं के विकास को समझने का माध्यम

मुख्य वक्ता के रूप में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के इतिहास विभाग के प्रो. प्रियतोष कहा कि किसी भी क्षेत्र की पहचान केवल प्रशासनिक सीमाओं से तय नहीं होती, बल्कि उसकी अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक परंपराएँ उसे विशेष बनाती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा और पंजाब जैसे क्षेत्रों की पहचान उनके इतिहास, भाषा, परंपराओं और सामाजिक जीवन से निर्मित हुई है, जिसे केवल वर्तमान राज्य की सीमाओं से नहीं समझा जा सकता। उन्होंने कहा कि पंजाब को केवल एक राज्य के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक सांस्कृतिक क्षेत्र के रूप में देखना चाहिए, जिसका प्रभाव समय-समय पर आसपास के क्षेत्रों तक भी दिखाई देता है। इसी प्रकार हरियाणा की भूमि भी अनेक प्राचीन धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों से जुड़ी रही है, जो आज भी आस्था और परंपरा के जीवंत केंद्र बने हुए हैं। उन्होंने कहा इतिहास केवल घटनाओं का वर्णन नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और परंपराओं के विकास को समझने का माध्यम भी है।

### कुरुक्षेत्र का इतिहास हजारों वर्ष पुराना

कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र का सांस्कृतिक इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। कुरुक्षेत्र केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अध्याय भी है। ऐसे अकादमिक आयोजनों के माध्यम से इतिहास के विभिन्न कालखंडों और उनके बहुआयामी पहलुओं पर गंभीर विमर्श को प्रोत्साहन मिलता है। प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, नई दिल्ली ने कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों को समझना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अब समय केवल प्रश्न करने का नहीं, बल्कि उत्तर खोजने और कार्य करने का है। आने वाले समय में ऐसा भारत बनाना होगा जहाँ लोग अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत पर गर्व महसूस करें। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपनी परंपराओं को वर्तमान समय के साथ जोड़कर प्रस्तुत करें, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उसे सही रूप में समझ सकें और अपनाएं।

### *ये रहे मौजूद*

*विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. प्रशांत गौतम (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चंडीगढ़), डॉ. रेशमा धारीवाल (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबाला) तथा डॉ. राजेश श्योराण (भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली) उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रो. भगत सिंह, प्रो. आरके देसवाल, डॉ. धर्मवीर, सह-संयोजक डॉ. प्रवेश कुमार, समन्वयक डॉ. कुलदीप मेहंदीरत्ता, सह-समन्वयक डॉ. विजेंद्र सिंह ढुल, प्रो. अशोक चौहान, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. प्रवीण ढांडा, डॉ. कुलदीप पूनिया, प्रो. कुसुम लता, डॉ. श्वेता कश्यप, देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से आए विद्वानों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।*

# बैसाखी महोत्सव पर 500 ड्रोन से सजेगा आसमान

**मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे महोत्सव का शुभारंभ**




**कुरुक्षेत्र।** अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र सिख गुरुओं की पावन धरा पर प्रदेश सरकार की तरफ से बैसाखी महोत्सव 2026 का बड़े स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का आयोजन 13 व 14 अप्रैल को केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस बैसाखी महोत्सव में देश की परंपरागत सांस्कृतिक विरासत के झरोखे देखने को मिलेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में बैसाखी महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 13 अप्रैल को राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव 2026 का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसदगण और विधायकगण भी शिरकत करेंगे। इस दो दिवसीय महोत्सव का मुख्य आकर्षण का केंद्र ड्रोन शो रहेगा। इस ड्रोन शो के लिए एक निजी एजेंसी को हायर किया गया है। यह एजेंसी ड्रोन शो के लिए लगभग 500 ड्रोन का प्रयोग करेंगे और आकाश में रंग बिरंगी लाइटों से बैसाखी महोत्सव के अहम लम्हों को दिखाने का अनोखा प्रयास किया जाएगा।

### बाबैन के गांव बरगट में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह 11 को, मुख्यमंत्री करेंगे शिरकत

**कुरुक्षेत्र।** 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे सैनी समाज की तरफ से बाबैन के गांव बरगट में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। सैनी समाज धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में सैनी समाज सभा के प्रधान गुरनाम सैनी ने बताया कि जयंती समारोह में में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह में पहुंचकर महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान का शिलान्यास करेंगे। यह संस्था सैनी समाज की तरफ से 8 एकड़ भूमि में तैयार किया जाएगा। समारोह में कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार, मंत्री श्याम सिंह राणा, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, सांसद नवीन जिंदल और हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी विशेष तौर पर शिरकत करेंगे।

# बाबा मान सिंह ने जीवन शिक्षा, चिकित्सा जैसे जनहित कार्यों में लगाया : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गुरुद्वारा सचखंड ईशर दरबार जुरासी में ब्रह्मलीन संत बाबा मान सिंह की स्मृति में तीन दिवसीय बरसी समागम गुरुवार को संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में दूर दराज से पहुंची संगत ने संत बाबा मान सिंह को श्रद्धांजलि देने के बाद संत महात्माओं के विचारों को सुना। संत समागम में पहुंचे सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि सांसारिक सुखों का त्याग कर अपने जीवन को मानवता की सेवा में लगाने वाला व्यक्ति ही सच्चा संत होता है। दिवंगत संत बाबा मान सिंह का जीवन इसका प्रत्यक्ष प्रमाण रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग धरती पर ईश्वर के भेजे हुए दूत होते हैं। संत बाबा मान सिंह ने अपना जीवन शिक्षा, चिकित्सा, कार सेवा जैसे जनहित के कार्यो में लगाया। बाबा मान सिंह जो राह दिखा कर गए। वे उसका अनुसरण करके यहां के लोगों की सेवा करना चाहते हैं। सांसद जिंदल ने कहा कि जब भी देश में कोई प्राकृतिक आपदा आई। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा ने कहा कि संत बाबा मान सिंह ने हमेशा कार सेवा के जरिए लंगर लगाकर पीड़ितों की मदद की। समागम में भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, बाबा दिलबाग सिंह, बाबा सुरजीत सिंह, निशान सिंह, राव वीरेंद्र सरपंच, मार्केट कमेटी चेयरमैन तरणदीप सिंह वड़ैच आदि मौजूद रहे।



### वर्तमान जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं काफी प्रभावी: डॉ. ऋषि

**कुरुक्षेत्र।** संक्रामक बीमारियों से ज्यादा बड़ी समस्या गैर संक्रामक बीमारियां बनती जा रही हैं। जीवन की अनियमितता,मानसिक तनाव और भावनात्मक दबाव के चलते देश की बड़ी आबादी अवसाद, मधुमेह,उच्च कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, माइग्रेन,पाचन विकार एवं जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों की चपेट में आ रही है। उनके उपचार के लिए होम्योपैथी की सूक्ष्म गोलियां (जिन्हें छोटी-छोटी मीठी गोलियां कहा जाता है) में छुपी बड़ी शक्ति में लोगों का भरोसा बढ़ रहा है। जीवन शैली से जुड़ी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं काफी प्रभावी होती हैं। यह कहना है हरियाणा राजकीय होम्योपैथिक काउंसिल(राजकीय) के सदस्य एवं जाने-माने होम्योपैथिक विशेषज्ञ डॉ.आर.ऋषि का। विश्व होम्योपैथी दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष मुलाकात में डॉ.ऋषि ने बताया कि हर वर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य होम्योपैथी के महत्व और पारंपरिक चिकित्सा में इसके योगदान को चिन्हित करना है। यह दिन होम्योपैथी के संस्थापक डॉ.क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन की स्मृति को भी श्रद्धांजलि अर्पित करता है,जिनका जन्म 10 अप्रैल,1755 में हुआ था और वे जर्मनी के मेइसन में पले-बढ़े। उन्होंने लीपजिग और वियना विश्वविद्यालयों से चिकित्सा की पढ़ाई की और 1779 में एरलांगेन से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त की।



# सोलर योजना से लाडवा वासियों को सस्ती ऊर्जा मुहैया करवाना उद्देश्य : सुमन सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर घर पर सौर ऊर्जा पहुंचाने का लक्ष्य बनाया है। इस योजना के तहत नागरिकों को सस्ती ऊर्जा मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए योजना में अधिक से अधिक आवेदन करने को कहा है। उपाध्यक्षा सुमन सैनी वीरवार को लाडवा विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में नागरिकों को संबोधित कर रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने इस दौरान नागरिकों की समस्याओं को सुना। नागरिकों की लिखित समस्याओं के समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकतार्ओं से विधानसभा की फीडबैक भी ली। उन्होंने नागरिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिन परिवारों की आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है उन्हें दो किलोवाट तक का सोलर मुफ्त दिया जा रहा है। इस सोलर सिस्टम से घरों के बिजली के बिल शून्य आ रहे हैं।



### लिवासा हॉस्पिटल्स ने शुरू की ऑन्कोलॉजी ओपीडी

**कुरुक्षेत्र।** लिवासा हॉस्पिटल ने गुरुवार को कुरुक्षेत्र में एक समर्पित ऑन्कोलॉजी ओपीडी और आउटरीच कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। लिवासा के ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ, मेडिकल ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. जतिन सरीन, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. मीनाक्षी मित्तल और सर्जिकल ऑन्कोलॉजी निदेशक डॉ. विजय बंसल, हर महीने के दूसरे और चौथे गुरुवार को कुरुक्षेत्र के बीएस हार्ट केयर हॉस्पिटल में ओपीडी के लिए उपलब्ध रहेंगे। कुरुक्षेत्र के बीएस हार्ट केयर हॉस्पिटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में डॉ. जतिन सरीन ने बताया कि बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, लगातार थकान, गांठें या सूजन, असामान्य रक्तस्राव, मल या मूत्र में खून आना और घावों का ठीक न होना जैसे लक्षणों को कभी भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में शानदार सफलता की दर्ज

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने यूनिफाइड इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से एक बार फिर गौरव हासिल किया है। संस्थान के विद्यार्थियों ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किए और विद्यालय को वैश्विक पहचान दिलाई। कक्षा 8-सी के युवराज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जिससे विद्यालय का गौरव बढ़ा। इसी क्रम में कक्षा 8-डी के अनुराग राज, ऋषव राज तथा प्रलव्य कुमार ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर गुरुकुल की शैक्षणिक उत्कृष्टता को और सुदृढ़ किया। इन शीर्ष उपलब्धियों के अतिरिक्त, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के अनेक अन्य विद्यार्थियों ने भी ओलंपियाड में सम्मानजनक स्थान प्राप्त किए। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की मेहनत और लगन को दर्शाती है, बल्कि उनके शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का भी परिणाम है। ओलंपियाड का आयोजन श्री सुशील कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।



# लाडवा मंडी से उठान कार्य शुरू, किसानों को नहीं आने दी जाएगी दिक्कत : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अनाज मंडी में गेहूं के सीजन के दौरान किसानों को हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए सख्त निर्देश दिए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसानों को मंडी में हर प्रकार की सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। आज मंडी में गेहूं की खरीद के साथ-साथ आज से उठान कार्य भी शुरू कर दिया गया है। अनाज मंडी से गेहूं उठान समय पर होने से किसानों को गेहूं डालने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि अनाज मंडी में किसानों को अनाज मंडी में गेहूं लाने में कोई दिक्कत परेशानी नहीं हो रही है। मंडियों के सभी गेटों पर गेटपास आसानी से हो रही है। इसके साथ ही किसानों के लिए ऐप भी लॉन्च की हुई है। इस ऐप के माध्यम से अपना फोन पर किसान स्वयं भी गेटपास बना सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसानों की फसल के एक-एक दाने की खरीद की जाएगी। सरकार ने प्रदेश में खरीद प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित तथा किसान हितैषी बनाने के लिए कई नई पहलें लागू की हैं। इन उपायों से फसल खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, अनधिकृत गतिविधियों पर रोक लगेगी तथा किसानों को सुविधाजनक और तेज सेवाएं मिलेंगी।




### कामनामुक्त प्रेम ही हमें परमात्मा तक ले जाता है : सिद्धार्थ औलिया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में समर्थगुरु आनंद धाम माधोपुर में तीसरे दिन वर्तमान उपनिषद की दिव्य चर्चा को आगे बढ़ाते हुए प्रेम भाव पर गहन प्रकाश डाला। प्रेम भाव हमें अतीत और भविष्य के बंधनों से मुक्त करके वर्तमान में जीने की कला सिखाता है। प्रेम एक दिव्य शक्ति है । जैसे दो पदार्थों के बीच आकर्षण की शक्ति गुरुत्वाकर्षण है, वैसे ही दो चेतनाओं के बीच आकर्षण की शक्ति प्रेम है। इसकी सुंदर व्याख्या करते हुए समर्थगुरु ने प्रेम करने की कला के अनेक उपाय बताए और यह भी समझाया कि कामनामुक्त प्रेम ही हमें परमात्मा तक ले जाने वाला मार्ग बनता है। ट्विटर के माध्यम से समर्थगुरू ने बताया कि अगर तुम दुःखी हो तो जानना कि तुम्हारा मन शिकायत से भरा है। अगर तुम प्रसन्न हो तो देखना तुम्हारा मन अहोभाव से भरा है। इस शुभ अवसर पर समर्थगुरु धाम की सचिव मां मीराबाई, समर्थगुरू धाम के केंद्रीय संयोजक आचार्य दर्शन, समर्थगुरु धाम पंजाब के कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. मुनीश,आचार्य गोपाल, आचार्य गगन, स्वामी सुशील के साथ अनेक साधक अपने परिवार के साथ उपस्थित रहें।



## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजन, पहले सत्र में 12 गृहिणियों ने लिया भाग

# आयुर्वेद एवं आहार कोर्स में सिखाए स्वस्थ जीवन जीने के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

घर-घर में स्वास्थ्य की नई सोच को बढ़ावा देते हुए श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने आयुर्वेद, आहार-विहार और योग का प्रशिक्षण देकर ऐसी सशक्त गृहिणियों को तैयार कर रहा है, जो बीमारियों के शुरूआती लक्षण पहचान कर घरेलू उपायों से छोटी-छोटी समस्याओं का प्रभावी समाधान कर रही हैं। गृहिणियां न केवल अपने परिवार का स्वास्थ्य संभाल रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी जागरूक कर रही हैं। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए आयुर्वेद एवं आहार कोर्स के पहले सत्र में 12 गृहिणियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान उन्हें आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों, दिनचर्या-ऋतुचर्या, संतुलित आहार-विहार और योग का वैज्ञानिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद ये गृहिणियां अब बीमारियों के शुरूआती लक्षण पहचानने में सक्षम हो गई हैं और घरेलू उपायों के जरिए छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान कर रही हैं। इस पहल के माध्यम से विश्वविद्यालय मेरा स्वास्थ्य, मेरी जिम्मेदारी की सोच को समाज में मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। प्रशिक्षण खत्म होने पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने सभी गृहिणियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, योग विभाग की अध्यक्ष प्रो. शीलत सिंगला, प्रो. शुभा कौशल, डॉ. सुरेंद्र सिंह सहरावत, डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. शंभू दयाल, डॉ. अरविंद व योग सहायत संगीता समेत अन्य उपस्थित रहे। कोर्स में 10वीं पास महिलाओं को पहले आओ-पहले पाओ नीति के तहत प्रवेश दिया गया। तीन माह तक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को दो-दो घंटे की क्लास के दौरान विशेषज्ञों ने गृहिणियों को आयुर्वेद के मूल सिद्धांत, स्वस्थ जीवन शैली, आहार-विहार और ऋतुचर्या की जानकारी देने के साथ-साथ योग और प्राणायाम का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।




**कुरुक्षेत्र।** प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाएं।

### घरेलू उपायों से बीमारियों को कर रही नियंत्रित

प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी सोनिया सैनी, सुंदरा बाई, अंजू सैनी और पूनम रानी ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पहले सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए भी अस्पताल जाना पड़ता था, लेकिन अब जैसे ही शुरूआती लक्षण नजर आते हैं, वे घरेलू उपायों से ही उन्हें नियंत्रित कर लेती हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद उन्हें विभिन्न खाद्य पदार्थों की तासीर और ऋतु के अनुसार आहार-विहार का सही ज्ञान हो गया है। साथ ही, ये महिलाएं अब नियमित रूप से योग भी कर रही हैं और अपने आसपास की अन्य महिलाओं को भी योग सिखाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

### होम्योपैथी दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आज

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के होम्योपैथी चिकित्सा केंद्र में आज 10 अप्रैल को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। होम्योपैथी दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर का कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर शुभारंभ करेंगे। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि शिविर में सुबह दस से दोपहर एक बजे तक रोगियों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, दवाइयों का वितरण, शुगर व रक्त जांच के साथ-साथ हड्डियों की जांच की जाएगी। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. कुलजीत कौर और डॉ. रिया शर्मा द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया जाएगा।

# कलाकारों ने रचनात्मक अभिव्यक्ति की प्रदर्शित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग द्वारा गुरुवार को कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें युवा कलाकारों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में समकालीन संवेदनाओं, आत्म-अन्वेषण और मानवीय अनुभवों के विविध आयामों को अभिनव कलाकृतियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. जितेंद्र कुमार, अध्यक्ष, सांख्यिकी एवं ऑपरेशंस रिसर्च विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह, विभाग के संकाय सदस्य, शोधार्थी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सतीश कुमार ( आधार नं0 2371 7439 5387 ) पुत्र श्री मेहर चन्द निवासी मकान नं0 321/14, मौहल्ला सुभाष नगर, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा से मृतक श्रीमति वीना रानी धर्मपत्नी श्री सतीश कुमार निवासी मकान नं0 321/14, सुभाष नगर, शाहाबाद तहसील शाहाबाद जिला कुरूक्षेत्र हरियाणा के कानूनी वारिस की रिपोर्ट जारी करने हेतु एक प्रार्थाना-पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। प्रार्थी के प्रार्थाना पत्र व सलग्न हल्फनामों व रिपोर्ट नगरपार्षद व हल्का पटवारी व नम्बरदार अनुसार मृतक श्रीमति वीना रानी के निम्नलिखित वारिस है:-

1. सतीश कुमार (पति) 2. अल्पा (पुत्री) 3. आशीष गोयल (पुत्र)

यदि इस बारे व्यक्ति को आपति है तो तहसीलदार शाहाबाद के कार्यालय पब्लिकेशन के 30 दिन के अन्दर दर्ज करवा सकता है। यदि प्रार्थी द्वारा दी गई सूचना किसी भी समय गलत पाई जाती है प्रार्थी भारतीय दण्ड सहिता धारा 212 व अन्य सबंधित कानूनों के तहत दण्ड का भागी होगा।

हस्ता/-तहसीलदार
शाहाबाद

## खबर संक्षेप

### बायोमेट्रिक प्रणाली बन रही परेशानी : बिल्लू

**उचाना।** इनेलो हलकाध्यक्ष समरवीर उर्फ बिल्लू पेगां ने कहा कि वर्तमान पोर्टल आधारित व्यवस्था और बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। सरकार द्वारा लागू की गई बायोमेट्रिक प्रणाली के चलते किसानों को अपनी फसल बेचने में अनावश्यक देरी और तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### स्व. चतरभुज की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर कल

**उचाना।** 11 अप्रैल को कसूहन गांव के चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में समाज सेवी स्व. चतरभुज अत्री की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। योगेश कसूहन ने बताया कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री शिविर का शुभारंभ करेंगे।

### सद्भाव यात्रा का हो रहा जोरदार स्वागत : हरेंद्र

**उचाना।** कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह ने कहा कि सदभाव यात्रा का अंतिम चरण चल रहा है। नरवाना हलके के दनौदा गांव के ऐतिहासिक चबूतरे से सदभाव का संदेश लेकर प्रदेश के लिए कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह निकले थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में यात्रा चल रही है। हर हलके में जोरदार स्वागत यात्रा का हो रहा है। बृजेंद्र सिंह को सुनने उनसे मिलने के लिए लोगों में उत्साह है जो इस यात्रा की सफलता को साबित करता है। यात्रा से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल रही है।

### कांग्रेस के पूर्व सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने अनाज मंडी में जानी किसानों की समस्याएं

# मंडी खरीद में नए-नए नियम बनाकर किसानों को किया जा रहा परेशान

**सरकार नए-नए पोर्टलों के माध्यम से किसानों को वे वजह परेशान करने में लगी**

**>> किसानों को नहीं मिल रहा न्यूनतम समर्थन मूल्य, पोर्टल सिस्टम पर किया तीखा वार**



अंबाला। मंडी में आई गेहूं की फसल को जांचते पूर्व सीएम हुड्डा व प्रदेशाध्यक्ष।

**>> ाज्यसभा चुनाव में वोट क्रॉस करने वाले विधायकों ने जनता व पार्टी को दिया धोखा, तुरं दें इस्तीफा**



विधायक निर्मल सिंह के आवास पर मौजूद पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अनाज मंडी दौरा कर किसानों की समस्याओं का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा। आधार कार्ड, 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा', गेट पास, बॉयोमैट्रिक व गारंटर जैसी प्रक्रियाओं के नाम पर किसानों का परेशान किया जा रहा है। उन्होंने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि जिन महिलाओं व लड़कियों के नाम पर जमीन है, क्या वे स्वयं मंडियों में आएंगी? उन्होंने ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंडियों मे फर्जीवाड़ा हो रहा है। पहले धान घोटाला हुआ फिर आलू घोटाला हुआ। आलू 50 पैसे किलो बिका।अब यह गेंहू में घोटाला करेंगे।कांग्रेस सरकार में हर किसान की फसल खरीदी जाती थी किसी ने पहले इस तरह किसानों को परेशान होते नही देखा है।सब किसानों के पास ट्रैक्टर ट्रॉली नहीं है।काफी किसान किराए पर ही लेकर आते हैं। बारिश से फसल का वजन बढने वाले कृषि मंत्री के ब्यान पर हुड्डा ने कहा कि बारिश के नुकसान का सर्वे करवाया जाना चाहिए। किसानों को बोनस मिलना चाहिए।

### विधायकों के वोट जानबूझकर किए रद्द

एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के मुद्दे पर कहा कि कांग्रेस ने जिनको टिकट दिया और जनता ने वोट देकर जिताया, उन्होंने क्रास वोट करके जनता और पार्टी को धोखा दिया गया है।उनके खिलाफ अनुशासन समिति रिपोर्ट बना रही है।नोटिस दिए गए हैं।कुछ पेश भी हुए है।कुछ ने जवाब दिया है कुछ ने नहीं दिया है। रिपोर्ट ऊपर भेज दी गई है।उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के विधायकों के वोट जानबूझकर रद्द किए गए। विधायक परमवीर के वोट को सही बताते हुए उन्होंने कहा कि वीडियो में स्पष्ट है कि उन्होंने नियमों के तहत मतदान किया, फिर भी उनका वोट रद्द किया गया। कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में रिटर्निंग ऑफिसर की शिकायत की है। नारायणगढ़ से कांग्रेस विधायक शैली चौधरी द्वारा दिखाकर वोट डालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब दिखाकर वोट डाली तभी तो उनका नाम आया है।एक झूठ छुपाने के लिए इंसान को सौ झूठ बोलने पडते हैं।उससे ज्यादा वह कुछ नहीं कहना चाहते हैं। शैली चौधरी द्वारा उनकी राजनीति खत्म करने की साजिश के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनको टिकट दिया जनता ने चुनकर भेजा वह जवाब दें।

### पूर्व सीएम ने जाना विधायक की पत्नी का हालचाल

अंबाला। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शहर के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री निर्मल सिंह के निवास पर पहुंचे। उन्होंने विधायक निर्मल सिंह की धर्मपत्नी नैब कौर का हालचाल जाना। उन्होंने पिछले दिनों ही अपने घुटनों की सर्जरी करवाई थी। इससे पहले उन्होंने अंबाला शहर अनाज मंडी का दौरा किया। यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार फसल खरीद के नाम पर सिर्फ घोटाले करती है। इसी तरह गेहूं-सरसों खरीद के नाम पर एक और घोटाले को अंजाम दिया जा रहा है। सरकार गेहूं और सरसों की खरीद करने की बजाय किसानों पर एक के बाद एक अजीबो-गरीब शर्तें थोप रही है। कभी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, फिर गेट पास, उसके साथ बॉयोमेट्रिक, ट्रैक्टर नंबर, वेरिफिकेशन और गारंटर जैसी शर्तें थोपी जा रही हैं। किसानों के साथ अपराधियो सा व्यवहार किया जा रहा है।




नारायणगढ़। प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता व कर्मी।

## जान जोखिम में डालकर काम करने वाले दमकल कर्मियों से सौतेला व्यवहार कर रही सरकार : सेठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

वीरवार को शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन (सीटू) के प्रधान शशांक हंस व सचिव बीर सिंह ने अपने साथियों सहित फायर कर्मचारियों की हड़ताल में पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किया। इसके बाद 8 से हड़ताल पर बैठे फायर कर्मियों ने ठेका सफाई मजदूरों के साथ मिलकर कम्यूनिटी हाल से नगरपालिका कार्यालय होते हुए सुभाष चौक तक प्रदेश सरकार की बीजेपी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सेंट्रल ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के राज्य सचिव सतीश सेठी ने कहा कि दमकल कर्मचारी हर परिस्थिति में अपनी जान जोखिम में डालकर जनता, किसानों और समाज की सुरक्षा करते हैं लेकिन सरकार उनके साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाए हुए है। गत 16 फरवरी को फरीदाबाद की कालकाजी स्टील कंपनी अग्निकांड में अपनी जान गंवाने वाले कर्मचारी भवि चंद शर्मा व रणबीर सिंह को सरकार ने अभी तक शहीद का दर्जा नहीं दिया है। इससे फायर कर्मियों में सरकार के प्रति नाराजगी है। सेठी ने कहा कि शहीद होने वाले दोनों कर्मचारी कच्चे थे इसलिए भाजपा सरकार उनसे सौतेला व्यवहार कर रही है। सीटू इस भेदभाव को कतई भी बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिए सरकार इसको गंभीरता से ले और मृतकों को शहीद का दर्जा, पीड़ित परिवारों को एक एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता व एक आश्रित को पक्की सरकारी नौकरी दी जाए वरना आंदोलन तेज होगा।प्रधान शशांक हंस व सचिव बीर सिंह ने अपने साथियों सहित फायर कर्मचारियों की हड़ताल में पहुंचकर उनकी मांगों का समर्थन किय।

## नई ट्रांसफर पॉलिसी से जगी थी उम्मीद लेकिन मिल रही है निराशा : यूनियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

नई शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी लागू होने के बावजूद सरकारी शिक्षकों के तबादले अब तक नहीं हो पाए हैं। सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच बढ़ती खाई ने एक बार फिर शिक्षक वर्ग को निराशा के अंधेरे में धकेल दिया है। प्रदेश में जेबीटी, टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के सामान्य तबादले वर्षों से लंबित हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति जेबीटी शिक्षकों की है, जिनके सामान्य तबादले सितंबर 2016 के बाद से अब तक नहीं हुए। नतीजा यह है कि हजारों शिक्षक वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं, जबकि दूर-दराज़ और पिछड़े इलाकों में कार्यरत शिक्षक सबसे ज्यादा परेशान हैं। नई ट्रांसफर पॉलिसी से इस बार उम्मीद जगी थी कि लंबे समय से अटकी प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 28 मार्च को तबादला सूची जारी होनी थी लेकिन यह तिथि भी बिना किसी परिणाम के गुजर गई।ऑनलाइन ट्रांसफर नीति फिलहाल अदालत में उलझी हुई है। पिछली सुनवाई में सरकार कोर्ट को संतुष्ट नहीं कर सकी, जिसके चलते अदालत ने मॉडल ट्रांसफर पॉलिसी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अहरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के राज्य सचिव संदीप खोखर ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "नीति लागू होने के बावजूद तबादले न होना शिक्षकों के धैर्य की परीक्षा बन गया है।

### 24 अप्रैल को होनी है मामले में सुनवाई

मामले की अगली सुनवाई 24 अप्रैल को तय की गई है। इस कानूनी अड़चन के चलते पूरी ट्रांसफर प्रक्रिया ठप पड़ी है। स्थिति को और जटिल बनाते हुए जनगणना प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। परंपरा के अनुसार इस अवधि में तबादले नहीं किए जाते, जिससे शिक्षकों को आशंका है कि इस बार भी उनकी उम्मीदें अधूरी रह सकती हैं। तबादलों में देरी का असर अब शिक्षा व्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। कई स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है, जबकि कुछ स्थानों पर आवश्यकता से अधिक स्टाफ तैनात है। रिटायरमेंट, खाली पदों और नई नियुक्तियों में देरी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री द्वारा 1 अप्रैल तक तबादले पूरे करने का दावा किया गया था, लेकिन मौजूदा हालात इस वादे की पोल खोलते नजर आ रहे हैं।

## हर बच्चे को स्कूल तक लेकर आने का प्रयास कर रही सरकार

- नारायणगढ़-शहजादपुर में दाखिल हुआ दाखिला अभियान
- रथ घर-घर जाकर लोगों को सरकारी स्कूलों में बच्चों का दाखिला करवाने के लिए कर रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। दाखिला रथ के साथ मौजूद स्कूली छात्र व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा चलाए गए सरकारी विद्यालयों में बच्चों के दाखिला अभियान के चौथे दिन ' दाखिला अभियान रथ' जिला के नारायणगढ़ खंड में पहुंचने पर राजकीय सीनियर सैकेंडरी विद्यालय अकबरपुर की प्रधानाचार्य पूनम भारती व प्रवीण कुमारी ने *संगठन के जिला महासचिव प्रकाश गिल,विजेंद्र रेढू एफएलएन कॉऑर्डिनेटर ,जिला प्रवक्ता कृष्ण पुनिया व जुगबीर बूरा का फूल मालाएं डालकर स्वागत किया। साथ ही समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ सभी बच्चों को रथ के साथ लेकर पूरे गांव भर में दाखिला जागरूकता अभियान चलाया । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में *दाखिलों को बढ़ाना तथा अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में मिलने वाली गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा व निपुण मिशन के प्रति लोगों को जागरूक करना । अकबरपुर के स्टाफ सदस्यों ने अभिभावकों से घर-घर जाकर अपने बच्चों का दाखिला सरकारी विद्यालय में करवाने के लिए अपील की ।प्रवक्ता कृष्ण पुनिया ने बताया कि दाखिला अभियान रथ के द्वारा जिले के सभी खंडों में सरकारी स्कूलों में दाखिला हेतु प्रचार किया जाएगा।

### दाखिला अभियान रथ को मिल रहा भरपूर समर्थन

विद्यालय प्रधानाचार्य पूनम भारती ने कहा कि वे इस अभियान को अपने सीआरसी में हर गांव हर घर तक इस जागरूकता अभियान को लेकर जाएंगे। हर बच्चे को स्कूल तक लाने का प्रयास करेंगे । संगठन के महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि दाखिला अभियान रथ को सभी जगह भरपूर सहयोग मिल रहा है और संगठन के प्रयासों की प्रशंसा की जा रही है। जगह जगह फूलमालाओं से स्वागत कर टीम का हौसला बढ़ाया जा रहा है। खंड के उपरांत ' दाखिला अभियान रथ ' खंड शहजादपुर में पहुंचा। खंड के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार किया।खंड शिक्षा अधिकारी सुदेश बिंदल व खंड शिक्षा अधिकारी शहजादपुर सुरेंद्र सिंह ने राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम की इस बेहतर प्रयास के लिए प्रशंसा की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।



## विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ना चाहिए : देवेंत्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा

नगूरां गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता अलेवा खंड शिक्षा अधिकारी अनिल बाला चहल व बिजेंद्र सिंह ने की तथा मुख्य रूप से उचाना कलां के विधायक देवेंद्र चतुर्भुज अत्री ने भाग लिया। मंच संचालन प्रवक्ता विनिता दुहन व सुखविंद्र ने किया। इस दौरान स्कूल में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढन्ना चाहिए। विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और यहां के विद्यार्थी भविष्य में देश का नाम रोशन करेगें। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को विधायक ने सम्मानित किया। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को भी उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्राचार्य बिजेंद्र सिंह, भाजपा की वरिष्ठ नेता गोस्वामी नीरज देवी, ब्लाक समिति चेयरमेन राहुल, मार्केट कमेटी अलेवा के उप चेयरमेन शमशेर नगूरां, बैकवर्ड प्रधान धर्मबीर सैन, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप, शाहपुर गांव के सरपंच जयपाल, जितेंद्र शर्मा, सतपाल पेगां, बिमला अलेवा के अलावा एबीआरसी अशोक कुमार समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### फाइनल राउंड में पहुंचे जुलाना के अजय कुमार

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के प्रतिभाशाली युवा अजय शर्मा का चयन माई भारत बजट क्विज के फाइनल राउंड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और युवाओं में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अजय शर्मा ने बताया कि देशभर से लाखों प्रतिभागियों के बीच फाइनल राउंड तक पहुंचना उनके लिए बेहद गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय जुलाना ब्लॉक के राष्ट्रीय स्वयंसेवक मोनू लाठर करसोला को दिया। अजय शर्मा ने कहा कि मोनू लाठर ने उन्हें समय-समय पर पूरा सहयोग दिया तथा प्रतियोगिता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां लगातार उपलब्ध करवाईं।



जुलाना। मंडी में गेहूं की फसल लेकर पहुंचे मार्केट कमेटी के चेयरमैन मीनू शर्मा।

### किसानों को नहीं आने दी जाएगी परेशानी : चेयरमैन

**जुलाना।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गेहूं की खरीद को लेकर आदेश जारी किए गए हैं। गेहूं की आवक आने शुरू हो गई है लेकिन अभी तक सभी मंडियों में पूरी तरह से व्यवस्था लागू नही हो पाई है। जानकारी के अनुसार नई अनाज मंडी में गेहूं की खरीद प्रक्रिया को लेकर मार्केट कमेटी द्वारा तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में मार्केट कमेटी चेयरमैन मीनू शर्मा खुद गेहूं से भरी ट्रैक्टर व ट्राली लेकर गेट पास बनवाने के लिए मंडी पहुंचे। चेयरमैन मीनू शर्मा ने कहा कि उन्होंने खुद ट्रैक्टर ट्रॉली लाकर यह देखने का प्रयास किया कि गेट पास बनाने की प्रक्रिया में कितना समय लगता है और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में सूरज और सुकांत की टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमुख विषयों में जेंडर डिबेट, डिमॉनेटाइजेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं रोजगार, विश्व युद्धों के प्रभाव तथा कच्चे तेल पर निर्भरता शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते वाद-विवाद की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। बताया कि डिबेट विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, तार्किक क्षमता तथा विचार अभिव्यक्ति को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं व्यावहारिक जीवन में डिबेट की अनिवार्यता और महत्व के बारे में भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी सूरज और सुकांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थी अखिल और अंकुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि एमए अंतिम वर्ष की छात्राएं अंजू और काजल तृतीय स्थान पर रही।

### इंडस्ट्रियल एरिया का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान : अनिल विज

# इंडस्ट्रियल एरिया बाढ़ से बचाने के लिए 10.76 करोड़ का 'रक्षा कवच'

**इंडस्ट्रियल एरिया 1970 के आसपास बना था और उनके दोस्त नेत्रपाल ने सबसे पहले यहां इंडस्ट्री लगाई थी**



शिलान्यास समारोह में मौजूद मंत्री अनिल विज व कारोबारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। यहां पर साइंस से जुड़े एवं अन्य जो उपकरण तैयार किए जाते हैं उनका रक्षा, इंजीनियरिंग कालेज व मेडिकल कालेजों, स्कूलों, एयरफोर्स में व अन्य क्षेत्रों में प्रयोग किया जाता है। इस दृष्टि से इंडस्ट्रियल एरिया का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। मंत्र अनिल विज वीरवार को इंडस्ट्रियल एरिया अंबाला छावनी की 10 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से आरसीसी रिटेनिंग वाल चार दीवारी के शिलान्यास के उपरांत आपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर औद्योगिक क्षेत्र के पदाधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों व एचएसआईआईडीसी अधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। विज ने इस मौके पर इंडस्ट्रियल एरिया के लोगों को चार दिवारी के कार्य की शुरूआत होने पर बधाई देते हुए कहा कि अम्बाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया 1970 के आसपास बना था और उनके दोस्त नेत्रपाल ने सबसे पहले यहां इंडस्ट्री लगाई थी। उन्होंने कहा तब से बरसातें आती रही और इंडस्ट्रियल एरिया डूबता रहा और नुक्सान होते रहे, मगर ठोस काम कभी नहीं हुआ। मगर हम इंडस्ट्रियल एरिया वासियों की मांग पर 10.76 करोड़ रुपए की लागत से कंकरीट की चारदीवारी बनाकर दे रहे हैं जोकि आठ फुट ऊंची व 14 फुट जमीन से नीचे होगी ताकि पानी का दबाव दीवार को गिरा न सके।

### रिंग रोड तक सात सेक्टर बनेंगे

ऊर्जा मंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि हर रोज अंबाला छावनी में विकास से जुडे काम करवाए जा रहे हैं। अंबाला-साहा रोड को फोरलेन करने का, अंबाला छावनी के चारो तरफ रिंग रोड का निर्माण कार्य, हौम्योपेथिक मेडिकल कॉलेज, एनसीडीसी (राष्ट्रीय रोग नियंत्रक केंद्र) के साथ-साथ अनगिनत ऐसे विकास कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि रिंग रोड के अंदर सात नए सेक्टर बनाने का काम किया जा रहा है जबकि इंडस्ट्रियल एरिया के पीछे गांव रौंला तक इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर, घसीटपुर में ट्रांसपोर्ट सेक्टर के साथ-साथ अन्य विकास रूपी कार्य करवाते हुए अम्बाला छावनी को ओर सुंदर एवं विकसित बनाने का काम किया जाएगा।